
लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटपूतली
महात्मा गांधी जी की 150 वीं जयन्ती
ESTABLISHED


स्वास्थ्य चेतना कार्यक्रम
होम्योपैथी का सार्वजनिकीकरण
दिनांक : 31 जनवरी 2020

# असफलता को सफलता में परिवर्तन करने के लिए दृढ़ निश्चय जरूरी

**भास्कर न्यूज** | कोटपूतली



कोटपूतली | एलीबीएस पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित अतिथि व विद्यार्थी।

एलबीएस पीजी कॉलेज में शनिवार को बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ की और से डाटा साइंस एंड इट्स इंपेक्ट ऑन सोसायटी विषय पर कार्यशाला हुई। जिसमें कैलिफोर्निया यूएसए के डॉ मनोज कुमार शर्मा ने डिजीटल ट्रांस फॉर्मेशन एंड हैल्थ केयर विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि असफलता एकमात्र चुनौती है। उसे स्वीकार और सफलता मे परिवर्तन करने के लिए दृढ़ निश्चय जरूरी है। डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नॉलॉजी के परियोजना निदेशक डॉ मनु सिकरवार ने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के अवसरो, विभाग की परियोजनाओं तथा बोधक संपदा अधिकार के प्रयोग की प्रक्रिया से अवगत कराया। प्राचार्य प्रो हेमराज मीणा, कार्य क्र की संयोजिका डॉ सीमा पंत ने कार्यशाला के औचित्य व उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। संचालन डॉ प्रभात शर्मा ने किया। डॉ प्रीति गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर आईपीआर प्रकोष्ठ की सदस्या डॉ ललिता यादव, डॉ एसपी सिंह, डा संगीता माथुर, अनुभा गुप्ता, सुबिता, प्रो विजय सिंह यादव, डॉ शीशराम यादव, डा पदमा मीणा, डॉ सविता किशोर, डॉ सोना जैन, प्रो आरके सिंह, प्रो अनिल शर्मा, पानादेवी कॉलेज के प्राचार्य डॉ अजीत कुमार शर्मा, डा सुमन भाटिया आदि ने कार्यशाला में भाग लिया।


MUSKAAN
SAAHAS
ARMY
RJ.02 BB. 1179
RJ32 SW 8786


SBIGeneral
INSURANCE
MUSKAAN
for road safety
SAAHAS




LAL BAHADUR SHASTRI GOVT. P. G. COLLEGE
KOTPUTLI(JAIPUR)
INTERNATIONAL DAY OF YOGA
21ST JUNE
1 RAJ BN NCC JAIPUR
Print-K-G-Flex-KTP
International Day of Yoga
21 June
Yoga for Harmony & Peace


Lal Bahadur Shastri Government College
Kotputli- 303108, Jaipur
NATIONAL SEMINAR
On
ENVIRONMENT :
PROBLEMS, SOLUTIONS & PROSPECTS
13th-14th Decembe
vivo V15Pro
AI Triple Camera



महिला प्रकोष्ठ
राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1,2,3,4
सात दिवसीय विशेष शिविर
2019

# दक्षता आमुखीकरण कार्यक्रम

नवज्योति/कोटपूतली

राजकीय एलबीएस कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय शिक्षक संवर्द्धन दक्षता आमुखीकरण कार्यक्रम का समापन शनिवार को हुआ।

प्रथम सत्र की मुख्य वक्ता डॉ. रूपा मंगलानी ने सूचना अधिकार के विभिन्न नियमों एवं अनुप्रयोगों की जानकारी दी। सहायक लेखाधिकारी निरंजन कुमार शर्मा ने पे-मैनेजर के प्रयोग के बारे में बताया। रामेश्वर लाल शर्मा ने राजस्थान सेवा नियमों की जानकारी दी। डॉ. आशीष व्यास ने इन्टरनेट की विभिन्न वेबसाईट पर उपलब्ध शिक्षण सामग्री के बारे में जानकारी दी। दूसरे सत्र के वक्ता पूर्व प्राचार्य डॉ. रणजीत यादव ने शिक्षा में नैतिक मूल्य एवं शिक्षक के उत्तरदायित्व विषय पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. प्रभात शर्मा ने शिक्षण सम्प्रेषण कौशल के बारे में बताया। फीजियोथैरेपिस्ट डॉ. उमेश यादव ने विभिन्न व्यायामों के महत्व के बारे में जानकारी दी। डॉ. सुलोचना शर्मा ने कार्यक्रम का प्रतिवेदन पेश किया। अध्यक्षता कर रहे कॉलेज के प्राचार्य प्रो. हेमराज मीणा ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। संचालन डॉ. अमित शर्मा ने किया। डॉ. प्रभात शर्मा ने आभार प्रकट किया।



दिलीप यादव, विक्रम गुर्जर, अब्दुल सतार खां आदि उपस्थित थे।

कमर तोड़ रही है।

# वाहन चलाते समय लापरवाही की मिल जाती है सजा, इसलिए सब वाहन चलाते समय बरतें विशेष सावधानी

## राजकीय एलबीएस पीजी कॉलेज में सड़क सुरक्षा को लेकर कार्यशाला, एएसपी ने किया जाग्रत

भास्कर न्यूज | कोटपूतली

राजकीय एलबीएस पीजी कॉलेज में गुरूवार को एएसपी भरतलाल मीणा के मुख्य आतिथ्य में सड़क सुरक्षा को लेकर कार्यशाला हुई। जिसमें मुस्कान व साहस एनजीओ के सदस्यों ने दुपहिया वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राई विंग के बारे में बताते हुए कहा कि वाहन चालक कहां और कैसे गलती करते है। एनजीओ के सह सामंजक अनिल गोत्तम, विनायक सिंह व नेहा खुल्लर ने संकेतक लगाकर वाहन चलाना बताया। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भी दुपहिया वाहन चलाकर यातायात नियमों के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। इससे पहले एएसपी भरत लाल मीणा ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि ज्यादातर दुर्घटना लोगो की लापरवाही, जल्दी पहुंचने व नशे में वाहन चलाने के दौरान होती है। चालक की थोड़ी सी गलती उसके साथ बैठी सवारी तथा सामने वाले का जीवन छीन सकती है। सरकार ने लोगो की सुरक्षा और सडक दुर्घटनाओं को कम करने के लिए यातायात के बहुत से नियम बनाए है। उन सबका पालन करना हम सभी का कर्त्तव्य है। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रोफेसर हेमराज मीणा ने विद्यार्थियों को बिना डीएल बड़ाईक नही चलाने की हिदायत दी। साथ ही कहा कि बा ईको पर दो लोगो को ही बैठना चाहिए और हमेशा हेलमेट का उपयोग करना चाहिए। प्रो सुरेश कुमार यादव ने यातायात नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि हेलमेट को बोझ नही समझे, यह हमारी रक्षा करता है। आपकी छोटी से भूल से दुर्घटना हो सकती है। उन्हें कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढी नशे की और अग्रेषित हो रही है। और नशे की हालत मे वाहन चलाते है। जिससे आए दिन हादसे होते है।



कोटपूतली | एलबीएस पीजी कॉलेज में सड़क सुरक्षा को लेकर आयोजित कार्यशाला में एएसपी ने बाइक पर बैठकर विद्यार्थियों को बाइक चलाने के नियमों की व्यावहारिक जानकारी दी।



कोटपूतली | कार्यशाला में एनजीओ ग्रुप के सदस्य व कॉलेज प्रशासन।

### धौला में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली

धौला| कस्बे के निजी स्कूल में गुरुवार को विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा छात्रों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागृति के लिए कार्यक्रम हुआ। शिक्षकों व छात्रों ने कस्बे के रैगर मोहल्ला, खटीक मोहल्ला, सेठों का मोहल्ला, हरिजनों मीणा मोहल्ला, पटवारी मोहल्ला से निकलते हुए बस स्टैंड के सीनियर सेकंडरी स्कूल के सामने से स्टेट हाइवे से विद्यालय परिसर तक सड़क सुरक्षा के नारे लिखी तख्तियां सुरक्षा उद्घोष लगाते हुए रैली निकाली। संस्था सचिव रामरतन गुर्जर व सस्था प्रधानाध्यापक चेतन प्रकाश ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा व यातायात कानून की जानकारी दी।